# प्रश्न बैंक

# वर्ष - 2020-21

# विषय - अर्थशास्त्र (कला एवं वाणिज्य)

# कक्षा - 11वीं

## लोक शिक्षण संचालनालय म.प्र. भोपाल
## ब्लू प्रिंट (प्रश्न पत्र का स्वरूप)
## परीक्षा हायर सेकेण्डरी वर्ष 2020–21

**कक्षा –11वीं** — **पूर्णांक–100**

**विषय –अर्थशास्त्र (कला एवं वाणिज्य)** — **समय : 3 घण्टे**

| स. क्र. | इकाई क्र. | इकाई /अध्याय | इकाई पर आवंटित अंक | वस्तुनिष्ठ प्रश्न | अंकवार प्रश्नों की संख्या | | | | कुल प्रश्न |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 1 अंक | 2 अंक | 3 अंक | 4 अंक | 5 अंक | |
| | | **भाग 1 अर्थशास्त्र में सांख्यिकी** | | | | | | | |
| 1 | 1. | 1.अर्थशास्त्र का परिचय | 5 | 1 | – | . | 1 | – | 1 |
| 2 | 2. | 2.आँकड़ों का संग्रह, 3.संगठन 4.प्रस्तुतीकरण | 17 | 4 | 1 | 2 | – | 1 | 4 |
| 3 | 3. | 5.केन्द्रीय प्रवृत्ति की माप | 16 | 4 | . | 1 | 1 | 1 | 3 |
| 4 | 4. | 6.परिक्षेपण (अपकिरण)– की माप **(विस्तार, चतुर्थक विचलन, माध्य विचलन, विस्तार गुणांक,चतुर्थक विचलन गुणांक, माध्य विचलन गुणांक को छोड़कर)** | 07 | 2 | – | . | – | 1 | 1 |
| 5 | 5. | 7. सहसंबंध, 8.सूचकांक **9.सांख्यिकी विधियों का उपयोग (स्पियरमेन का कोटि अंतर सहसम्बंध गुणांक, औद्योगिक उत्पादन सूचकांक को छोड़कर)** | 5 | 1 | 2 | – | . | – | 2 |
| | | भाग–2 भारतीय अर्थव्यवस्था का विकास | | | | | | | |
| 6 | 6. | आर्थिक नीतियाँ और अनुभव (1947–90)–1.स्वतंत्रता की पूर्व भारतीय अर्थव्यवस्था, 2. भारतीय अर्थव्यवस्था (1950–1990) | 12 | 1 | 1 | – | 1 | 1 | 3 |
| 7 | 7. | आर्थिक सुधार (1991 से वर्तमान)– 3.उदारीकरण, निजीकरण व वैश्वीकरण एक समीक्षा | 15 | 3 | – | 1 | 1 | 1 | 3 |
| 8 | 8. | भारतीय अर्थव्यवस्था की वर्तमान चुनौतियाँ –4.निर्धनता, 5.मानव पूँजी निर्माण, 6.ग्रामीण विकास, 7.रोजगार **(शिक्षा पर सार्वजनिक व्यय में वृद्धि,जैविक खेती को छोड़कर)** | 8 | 4 | – | . | 1 | . | 1 |
| 9 | 9. | 8. आधारिक संरचना, 9.पर्यावरण और धारणीय विकास **( ऊर्जा को छोड़कर)** | 7 | 1 | 1 | . | 1 | – | 2 |
| 10 | 10. | 10.भारत और पड़ोसी देशों का तुलनात्मक विकास अनुभव | 8 | 4 | – | – | 1 | – | 1 |
| | | **योग** | **100** | **5x5=25** | **2x5=10** | **3x4=12** | **4x7=28** | **5x5=25** | **21+5=26** |

निर्देश : वस्तुनिष्ठ प्रश्न, प्रश्न पत्र के आरंभ में दिए जाएँगे।

1. प्रश्न क्र. 1 से 5 तक वस्तुनिष्ठ प्रश्न होंगे, जिसके अंतर्गत रिक्त स्थानों की पूर्ति, एक वाक्य में उत्तर, सही जोड़ी, सही विकल्प आदि के प्रश्न होंगे। प्रत्येक प्रश्न में (1x5x5x=25) अंक निर्धारित हैं।
2. प्रश्न क्र. 6 से 26 तक प्रत्येक प्रश्न की उत्तर सीमा निम्नानुसार रहेगी।

| | | |
|---|---|---|
| अति लघु उत्तरीय प्रश्न | 2 अंक | 30 शब्द |
| लघु उत्तरीय प्रश्न | 3 अंक | 75 शब्द |
| दीर्घ उत्तरीय प्रश्न | 4 अंक | 120 शब्द |
| दीर्घ उत्तरीय प्रश्न | 5 अंक | 150 शब्द |

3. वस्तुनिष्ठ प्रश्नों को छोड़कर सभी प्रश्नों में आंतरिक विकल्प का प्रावधान रखा जाएगा। यह विकल्प समान इकाई एवं समान कठिनाई स्तर वाले होंगे।
4. कठिनाई स्तर – 50% सरल प्रश्न, 40% सामान्य प्रश्न, 10% कठिन प्रश्न।

**आयुक्त**
**लोक शिक्षण म.प्र.**

# इकाई – 01

## अध्याय–1

## परिचय (सांख्यिकी का परिचय)

आवंटित अंक– 5

वस्तुनिष्ठ प्रश्न – 01 प्रश्न

4 अंक– 1 प्रश्न

प्र.1 वस्तुनिष्ठ प्रश्न।

1. ''सांख्यिकी गणना का विज्ञान है'' किसका कथन है।
   अ) ए.एल. बाउले  ब) प्रो. किंग
   स) प्रो. मार्शल  द) प्रो. होरेस सेक्राइस्ट
2. सांख्यिकी का कार्य है।
   अ) जटिलता को सरल बनाती है  ब) समंकों में अभिव्यक्ति
   स) उचित स्तर की परिशुद्धता  द) समंक तथ्यों के समूह
3. सांख्यिकी ..........।
   अ) केवल कला है  ब) केवल विज्ञान है
   स) विज्ञान एवं कला दोनों है  द) न विज्ञान न ही कला है
4. निम्न में से क्या सत्य है।
   अ) साधन सीमित होते हैं  ब) आवश्यकताएँ असिमित होती है
   स) उपर्युक्त दोनों सत्य  द) उपर्युक्त दोनों असत्य
5. सांख्यिकी शब्द का प्रयोग किया जाता है।
   अ) एकवचन में  ब) बहुवचन में
   स) दोनों में  द) इनमें से कोई नहीं

प्र.2 दीर्घ उत्तरीय प्रश्न। 4 अंक

1. आप अर्थशास्त्र का अध्ययन क्यों करना चाहते हैं। कारण बताइये।
2. सांख्यिकी की सार्वभौमिक उपयोगिता है। स्पष्ट कीजिए।
3. सांख्यिकी अविश्वसनीय है। यदि हाँ तो क्यों?
4. किस रूप में सांख्यिकी एक व्यापारी के लिए लाभप्रद है समझाइये।
5. सांख्यिकी के प्रमुख कार्यों को लिखिये।

# इकाई - 02

अध्याय-2 (आँकड़ों का संग्रह)
अध्याय-3 (आँकड़ों का संगठन)
अध्याय-4 (आँकड़ों का प्रस्तुतीकरण)
आवंटित अंक- 17
वस्तुनिष्ठ प्रश्न - 04 प्रश्न
2 अंक- 01 प्रश्न
3 अंक- 02 प्रश्न
5 अंक- 01 प्रश्न

प्र.1 वस्तुनिष्ठ प्रश्न :-

1. जब आँकड़ों का वर्गीकरण समय के आधार पर किया जाता है, तो इसे कहते हैं।
   अ) भौगोलिक वर्गीकरण ब) समय अनुसार वर्गीकरण
   स) गुणात्मक वर्गीकरण द) मात्रात्मक वर्गीकरण
2. आँकड़ों को विशेषताओं के आधार पर वर्गीकृत किया जाता है, तो इस विधि का नाम है।
   अ) भोगोलिक वर्गीकरण ब) समय अनुसार वर्गीकरण
   स) गुणात्मक वर्गीकरण द) मात्रात्मक वर्गीकरण
3. एक अच्छी प्रश्नावली का गुण कौन-सा है।
   अ) उचित क्रम ब) उचित स्थान
   स) छोटे एवं स्पष्ट प्रश्न द) उपर्युक्त सभी
4. आयात चित्र है।
   अ) एक विमा आरेख ब) द्विविमा आरेख
   स) त्रिविमा आरेख द) कोई नहीं

प्र.2 खाली स्थान भरें।

1. प्रत्येक वर्ग की उच्च सीमा तथा निम्न सीमा का अंतर ................ है।
2. पूर्व में उपयोग में आने वाले समंक ................ समंक कहलाते हैं।
3. ................ चित्र गोलाकार होते हैं।
4. द्वितीयक समंक ................ नहीं होते हैं।

प्र.3 सत्य/असत्य बताइये।

1. किसी वर्ग में आने वाले चरों की संख्या को वर्ग आकृति कहा जाता है।
2. सूचक स्वयं प्रश्नावली भरते हैं।
3. घण्टा, दिन, हफ्ता व महीना भौगोलिक वर्गीकरण का उदाहरण है।
4. संचयी आवृत्ति से आशय एक वर्ग की आवृत्ति से है।

प्र.4 एक शब्द/वाक्य में उत्तर दीजिये।

1. मध्य मूल्य ज्ञात करने का सूत्र लिखिये।
2. अनुसंधानकर्ता द्वारा एकत्रित समंक क्या कहलाते हैं।
3. भारत में जनगणना कितने वर्षों में होती है?
4. द्विगुण सारणी किसे कहते हैं?

प्र.5 सही जोड़ी बनाइये।

| | कॉलम "अ" | कॉलम "ब" |
|---|---|---|
| 1. | अच्छी प्रश्नावली का गुण | द्वितीयक समंक |
| 2. | प्रकाशित आँकड़े | छोटे एवं स्पष्ट प्रश्न |
| 3. | टिप्पणी | तोरण |
| 4. | संचयी बारंबारता वक्र | सारणी का अंतिम भाग |

प्र.6 अति लघु उत्तरीय प्रश्न। 02 अंक

1. मध्य मूल्य से क्या आशय है?
2. सतत चर किसे कहते हैं?
3. प्रश्नावली किसे कहते हैं?
4. वृत्त आरेख क्या है?
5. घटक दण्ड आरेख/अर्न्तविभक्त दण्ड चित्र किसे कहते हैं?

प्र.7 लघु उत्तरीय प्रश्न– 03 अंक

1. वर्गीकरण तथा सारणीयन में अंतर लिखिये।
2. वर्गीकरण की पांच विषेशताऐं लिखिये।
3. प्रश्नावली तथा अनुसूची में अंतर लिखिये।
4. बिन्दुरेखीय प्रदर्शन के लाभ लिखिये।
5. बिन्दुरेख बनाते समय किन सामान्य नियमों को ध्यान रखना चाहिये।

प्र.8 लघुउत्तीय प्रश्न– 03 अंक

1. वर्गीकरण के कोई तीन उद्देश्यों का वर्णन कीजिये।
2. एक अच्छी सारणी के तीन आवश्यक तत्व लखिये।
3. निर्देशन विधि के गुण लिखिये।
4. संगणना विधि के गुण लिखिये।
5. प्रश्नवाली तैयार करते समय कौन–कौन सी सावधानियां रखनी चाहिये।

प्र. 9 दीर्घ उत्तरीय प्रश्न– 05 अंक

1. सारणी कितने प्रकार की होती है। संक्षेप में वर्णन करें।
2. दण्ड चित्र क्या होते हैं? ये कितने प्रकार के होते हैं।
3. किसी विद्यालय में 2015 में 2017 तक छात्रों की संख्या निम्न सारणी के अनुसार उपर्युक्त दण्ड चित्र द्वारा दर्शायें–

| Year | Arts | Science | Law | Total |
|---|---|---|---|---|
| 2015 | 2000 | 1500 | 1000 | 4500 |
| 2016 | 2200 | 1600 | 1200 | 5000 |
| 2017 | 2400 | 1000 | 800 | 4200 |

4. निम्न सूचनाओं के आधार पर आकृति बहुभुज बनाइये–

| अंक | 5–10 | 10–15 | 15–20 | 20–25 | 25–30 | 30–35 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| छात्र संख्या | 12 | 28 | 35 | 45 | 22 | 14 |

5. दो परिवार ए एव ंबी के द्वारा विभिन्न मदों पर किया जाने वाला मासिक व्यय इस प्रकार हों।

| मदें | परिवार–ए | परिवार–बी |
|---|---|---|
| भोजन | 600 | 500 |
| वस्त्र | 450 | 250 |
| आवास किराया | 300 | 150 |
| अन्य खर्च | 150 | 100 |
| योग | 1500 | 1000 |

उपर्युक्त को उचित आरेख द्वारा दर्शाइये–

# यूनिट–3

## अध्याय – 5

## केन्द्रीय प्रवृत्ति की माप

**आवंटित अंक– 16 प्रश्न**

**वस्तुनिष्ठ प्रश्न– 04 प्रश्न**

**03 अंक प्रश्न– 01 प्रश्न**

**04 अंक प्रश्न– 01 प्रश्न**

**05 अंक प्रश्न– 01 प्रश्न**

प्र.1 वस्तुनिष्ठ प्रश्न–

i. 1, 3, 5, 7, 9 का अंकगणितीय माध्य होगा।

(a) 4 (b) 5
(c) 6 (d) 7

ii. वर्ग अंतराल 70–80 का मध्य मूल्य होगा।

(a) 70 (b) 75
(c) 80 (d) 85

iii. बहुलक वह मूल्य है। जिसकी आकृति ....... होती है।

(a) शून्य (b) अनंत
(c) अधिकतम (d) प्रमाप विचलन

iv. इनमें से कौन केन्द्रीय प्रवृत्ति की माप नहीं है।

(a) समांतर माध्य (b) बहुलक
(c) मध्यिका (d) प्रमाप विचलन

प्र.2 रिक्त स्थान भरिये–

1. केन्द्रीय प्रवृत्ति की सर्वश्रेष्ठ माप ............ है।
2. माध्यिका को ज्ञात करने के लिये श्रेणी को ......... क्रम में व्यवस्थित करना होता है।
3. समंकमाला में सर्वाधिक बार आने वाले मूल्यों को ......... कहते हैं।
4. वर्ग 25–30 में वर्ग अंतराल ........ हैं

प्र. 3 सत्य/असत्य लिखिये –

1. माध्यिका वह मूल्य है। जिसकी आवृत्ति सबसे अधिक बार होती है।
2. माध्यिका को स्थिति संबंधी माध्य कहा जाता है।
3. माध्य का चित्रमय प्रदर्शन संभव है।
4. 3, 4, 3, 5, 5, 3, 2 संख्याओं का बहुलक 5 होता है।

प्र. 4 एक लाइन में उत्तर दीजिये –

1. निम्नलिखित श्रृंखला को अवरोही क्रम में क्रमबद्ध करो–
   516, 18, 02, 13, 15, 03, 19, 17, 20
2. व्यक्तिगत श्रेणी में माध्यिका की गणना का सूत्र लिखिये।
3. सतत श्रेणी में समांतर माध्य ज्ञात करने का सूत्र लिखिये।
4. माध्यिका का एक लाभ लिखिये।

प्र. 5 सही जोडी बनाइये –

| ''अ'' | ''ब'' |
|---|---|
| 1. एक अच्छे औसत का गुण | अ. अधिकतम |
| 2. बहुलक वह मूल्य है जिनकी आवृत्ति | आ. सरलता |
| 3. संचयी आवृत्ति | इ. पदों की संख्या |
| 4. आवृत्ति | उ. माध्यिका |

प्र. 6 लघु उत्तरीय प्रश्न- 03 अंक

1. समांतर माध्य की कोई तीन विशेषताऐं लिखिये।
2. समांतर माध्य तथा भारीत माध्य में अंतर लिखिये।
3. बहुलक के कोई तीन गुण लिखिये।
4. माध्यिका के कोई तीन गुण लिखिये।
5. समांतर माध्य, मध्यका तथा बहुलक में अंतर बताइये।

प्र. 7 दीर्घ उत्तरीय प्रश्न 04 अंक

1. निम्नलिखित आंकड़ों से समांतर माध्य की गणना कीजिये।

| प्राप्तांक | 20 | 30 | 40 | 50 | 60 | 70 | 80 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| छात्र | 2 | 3 | 5 | 8 | 6 | 5 | 1 |

2. निम्नलिखित सारणी में एक कारखाने के 10 मजदूरों की दैनिक आय दी गई है। इनका समांतर माध्य ज्ञात कीजिये।

| मजदूर- | A | B | C | D | E | F | G | H | I | J |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| दैनिक आय | 120 | 150 | 180 | 200 | 250 | 300 | 220 | 350 | 370 | 260 |

3. निम्न श्रेणी से भूयिष्ठक निकालिये-

| 10 | 20 | 30 | 40 | 50 |
|---|---|---|---|---|
| 13 | 16 | 55 | 18 | 12 |

4. निम्न समंकों से माध्यिका मूल्य का परिकलन कीजिये।

| पद | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 | 15 | 16 | 17 | 18 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| आवृत्ति | 01 | 09 | 26 | 59 | 72 | 52 | 29 | 07 | 01 |

5. निम्न संख्याओं का माध्यिका मूल्य निर्धारित कीजिये।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 11 | 12 | 8 | 5 | 9 | 14 | 20 | 15 | 13 |

प्र. 8 दीर्घ उत्तरीय प्रश्न– 05 अंक

1. असमान वर्गान्तरों में माध्यिका की गणना कैसे की जाती है? उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिये।
2. सतत श्रेणी में माध्यिका की गणना कैसे होती है। काल्पनिक आकडों से स्पष्ट कीजिये।
3. माध्य, मध्यिका एवं भूयिष्ठक में संबंध स्पष्ट कीजिये।
4. निम्नलिखित आंकडों से माध्यिका ज्ञात कीजिये।

| मजदूरी | 5–10 | 10–15 | 15–20 | 20–25 | 25–30 | 30–35 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| मजदूरों की संख्या | 05 | 09 | 10 | 06 | 08 | 10 |

5. निम्नलिखित आंकडों से माध्य की गणना कीजिये।

| अंक से कम | 10 | 20 | 30 | 40 | 50 |
|---|---|---|---|---|---|
| छात्र संख्या | 03 | 08 | 17 | 20 | 22 |

# इकाई– 04

## अध्याय – 6

## परिक्षेपण की माप

**आवंटित अंक– 07 प्रश्न**

**वस्तुनिष्ठ प्रश्न– 02 प्रश्न**

**5 अंक– 01 प्रश्न**

(विस्तार, चतुर्थक विचलन, माध्य विचलन, विस्तार गुणांक, चतुर्थक विचलन गुणांक माध्य विचलन गुणांक को छोड़कर)

प्र. 1 वस्तुनिष्ठ प्रश्न–

1. प्रमाप विचलन हमेशा परिकलित किया जाता है।

(a) माध्यिका से (b) माध्य से
(c) बहुलक से (d) इनमें से कोई नहीं

2. प्रमाप विचलन गुणांक का सूत्र है।

(a) $\frac{\vec{x}}{Q} \times 100$ (b) $\frac{\vec{x}}{Q}$

(c) $\frac{Q}{x}$ (d) इनमें से कोई नहीं

3. प्रमाप विचलन का सूत्र है।

(a) $\frac{edx}{N}$ (b) $\frac{N}{ed^2x}$

(c) $\frac{Q}{x} \times 100$ (d) $\text{o} = \sqrt{\frac{\in \text{fdx}^2}{\text{N}} - \left(\frac{\in \text{fdx}}{\text{N}}\right)^2}$

4. पदों के विचरण के माप को कहा जाता है।

(a) विस्तार (b) माध्य
(c) अपकिरण (d) इनमें से कोई नहीं

प्र. 2 रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिये–

1. प्रमाप विचलन हमेशा माध्य विचलन से ......... होता है।
2. माध्य से लिए गये विचलनो का बीजगणितीय योग ............ है।
3. .............. को परिक्षेपण का सर्वोच्च माप माना जाता है।
4. प्रमाण विचलन का दूसरा नाम .......... विचलन है।
5. विचलनों के वर्गो का योग न्यूनतम होगा जब वह लिया जाये ............ से
6. वक्र के आकार में परिक्षेपण प्रस्तुत करने वाली आरेखीय विधि को ............. कहते है।

प्र. 3 दीर्घ उत्तरीय प्रश्न 05 अंक

1. अपकीरण के उद्देश्यों का वर्णन कीजिये।
2. अपकीरण की सबसे अच्छी माप की विशेषताऐं लिखिये।
3. प्रमाप विचलन के कोई पांच गुण लिखिये।
4. लारेंज वक्र के कोई पांच गुण लिखिये।
5. निम्नलिखित समंकों से प्रमाप विचलन की गणना कीजिये।

| वर्ग | 40–60 | 60–80 | 80–100 | 100–120 | 120–140 |
|---|---|---|---|---|---|
| आवृति | 03 | 06 | 20 | 12 | 09 |

## यूनिट– 5
## अध्याय – 7 सहसम्बंध
## अध्याय – 8 सूचकांक
## अध्याय – 9 सांख्यिकी विधियों के उपयोग
आवंटित अंक– 05 प्रश्न

वस्तुनिष्ठ प्रश्न– 01 प्रश्न

2 अंक– 02 प्रश्न

(स्पियर मेन कोटी अंतर सहसंबंध गुणांक, औघोगिक उत्पादन सूचकांक को छोड़कर)

प्र. 1 वस्तुनिष्ठ प्रश्न

1. सहसंबंध गुणांक सदैव होता है।

   (a) 1 से अधिक (b) 1 से कम
   (c) −1 और +1 के बीच (d) −2 और+2 के बीच
2. यदि दो चरों के बीच सहसंबंध 0 (शून्य) है तो इसका तात्पर्य है।

   (a) पूर्ण धनात्मक सहसंबंध (b) निम्न स्तर का ऋणात्मक सहसंबंध
   (c) उच्च स्तर का धनात्मक सहसंबंध (d) सहसंबंध की अनुपस्थिति
3. निर्देशांक व्यक्त किये जाते हैं।

   (a) प्रतिशत में (b) रूपये में
   (c) किलो ग्राम में (d) इनमें से कोई नहीं
4. फिशर का सूचकांक कहलाता है।

   (a) भारित सूचकांक (b) आदर्श सूचकांक
   (c) सामान्य सूचकांक (d) इनमें से कोई नहीं
5. वर्तमान वर्ष का मूल्य दर्शाया जाता है।

   (a) $P_1$ (b) $P_o$
   (c) $q_1$ (d) $q_o$

प्र. 2 अति लघुत्तरीय प्रश्न– 02 अंक

1. सहसंबंध का अर्थ लिखिये।
2. धनात्मक सहसंबंध किसे कहते हैं।
3. कार्ल पिर्यसन सहसंबंध गुणांक के गुण लिखिये।
4. कार्ल पिर्यसन सहसंबंध गुणांक के दो दोषों को लिखिये।
5. सूचकांक का अर्थ लिखिये।
6. निर्देशांक की कोई दो विशेषताऐं लिखिये।
7. सूचकांक सदैव सापेक्ष रूप में होते हैं। ऐसा क्यों कहा जाता है।
8. स्थिर आधार और श्रृंखला आधार सूचकांक से क्या आशय है ?
9. निर्देशांकों का कोई दो महत्व लिखिये।
10. निर्देशांकों की रचना करते समय कौन सी बातों का ध्यान रखना चाहिए।

# इकाई–6

## बुक 2 – भारतीय अर्थव्यवस्था का विकास

## अध्याय–1 स्वतंत्रता पूर्व भारतीय अर्थव्यवस्था

## अध्याय–2 भारतीय अर्थव्यवस्था (1950–1990)

आवंटित अंक– 12

वस्तुनिष्ठ प्रश्न– 01

2 अंक– 01 प्रश्न

4 अंक– 01 प्रश्न

5 अंक– 01 प्रश्न

प्र.1 वस्तुनिष्ठ प्रश्न–

1. स्वतंत्रता प्राप्ति के समय भारतीय अर्थव्यवस्था की प्रमुख विशेषताऐं क्या थी?
   (a) अल्पविकसीत (b) अर्द्धसामंती होना
   (c) गतिहीन होना (d) उपरोक्त सभी
2. ब्रिटिश काल में भारत की राष्ट्रीय आय गणना का पहला प्रयास किसने किया?
   (a) फिण्डले शिराज (b) विलियम डिग्बी
   (c) दादा भाई नोरोजी (d) बी.के.आर.वी. राव
3. हरित क्रांति में सम्मिलित है।
   (a) उन्नत बीज (b) कृषि यंत्रीकरण
   (c) रासायनिक उर्वरक (d) उपर्युक्त सभी
4. देश में नीति आयोग कब बना?
   (a) 01 जनवरी 2014 (b) 01 जनवरी 2015
   (c) 01 अप्रेल 2015 (d) 01 जनवरी 2016
5. महालानोबीस का औद्योगिक विकास मॉडल किस योजना में अपनाया गया?
   (a) प्रथम (b) द्वितीय
   (c) तृतीय (d) चतुर्थ

प्र.2 अतिलघु उत्तरीय प्रश्न– 2 अंक

1. कृषि के व्यवसायीकरण का अर्थ लिखिये।
2. हरित क्रांति क्या है?
3. शिशु मृत्यु दर किसे कहते हैं?
4. जीवन प्रत्याश किसे कहते हैं?
5. अंग्रेजों के शासन काल में पटसन उद्योग किस प्रांत तक सीमित था?
6. भारत में प्रथम जनगणना किस वर्ष की गई थी?

प्र.3 दीर्घ उत्तरीय प्रश्न– 4 अंक

1. ब्रिटिश राजस्व व्यवस्था का कृषकों पर पड़ने वाले प्रभावों का वर्णन कीजिए।
2. भारत में पंचवर्षीय योजनाओं के चार उद्देश्यों को लिखिये।
3. ब्रिटिश साम्राज्य में भारतीय अर्थव्यवस्था का बहुआयामी शोषण किया गया कैसे?
4. कृषि भारत की अर्थव्यवस्था की रीढ़ की हड्डी है। क्यों?

5. औद्योगिक नीति 1956 के क्या उद्देश्य थे?

प्र.4 दीर्घ उत्तरीय प्रश्न। 5 अंक

1. क्या 1869 में स्वेज नहर का मार्ग बनने के कारण व्यापार सुगम हो गया? स्पष्ट कीजिये।
2. कुटीर तथा लघु उद्योगों से क्या अभिप्राय है? भारत के आर्थिक विकास में इन उद्योगों के महत्व की व्याख्या कीजिए।
3. भारत के मुख्य आयात तथा निर्यात कौन से हैं? भारत में निर्यातों को बढ़ावा देने के लिए सरकार क्या कदम उठा रही है?
4. भारतीय योजनाओं की चार उपलब्धियाँ बताइए।
5. भारतीय अर्थव्यवस्था पर ब्रिटिश साम्राज्य के पाँच हानिकारक प्रभाव बताइये।
6. औपनिवेशिक शासन काल में कृषि की गतिहीनता के मुख्य कारण क्या थे?
7. स्वतंत्रता के समय भारत के समक्ष उपस्थित आर्थिक चुनौतियों को रेखांकित करें।

# यूनिट–7

## अध्याय–3 उदारीकरण, निजीकरण एवं वैश्वीकरण

आवंटित अंक –15
वस्तुनिष्ठ प्रश्न– 03
3 अंक– 01 प्रश्न
4 अंक– 01 प्रश्न
5 अंक– 01 प्रश्न

प्र.1 वस्तुनिष्ठ प्रश्न :–

1. भारतीय अर्थव्यवस्था है।
   अ) पूंजीवादी — ब) समाजवादी
   स) मिश्रित — द) राष्ट्रवादी
2. उदारीकरण में प्रतिबंधों को दूर करने के लिये अर्थव्यवस्था में कौन–सी नीति अपनाई।
   अ) प्रतिबंधित व्यापार — ब) मुक्त व्यापार
   स) स्वदेशी व्यापार — द) विदेशी व्यापार
3. नई आर्थिक नीति कब लागू की गई।
   अ) 1992 — ब) 1993
   स) 1991 — द) 1994
4. WTO का गठन किया गया।
   अ) 1995 — ब) 1994
   स) 1996 — द) 1998
5. मुद्रा स्फीति में .............
   अ) वस्तु की कीमत बड़ जाती है — ब) वस्तु की कीमत कम हो जाती है
   स) वस्तु की कीमत बराबर रहती है — द) कभी अधिक कभी कम हो जाती है

प्र.2 सही जोड़ियाँ मिलाइये।

| | कॉलम ''अ'' | कॉलम ''ब'' |
|---|---|---|
| 1. | सरकार का न्यूनतम हस्तक्षेप | वैश्वीकरण |
| 2. | मुफ्त व्यापार | 1995 |
| 3. | सार्वजनिक क्षेत्र की विफलता | 1991 |
| 4. | भारत की नई आर्थिक नीति | नई आर्थिक नीति लागू करना प्रमुख कारण |
| 5. | विश्व व्यापार संगठन | उदारीकरण |

प्र.3 रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिये।

1. LPG नीति को .................. टर्न नीति का नाम दिया गया।
2. नई आर्थिक नीति में .................. वातावरण को समाप्त किया गया।
3. नई आर्थिक नीति ने .................. वातावरण का सूत्रपात किया गया।
4. 1991 में दो चरणों में भारतीय रूपये का .................. किया गया।
5. महारत्न, नवरत्न और लघुरत्न का सम्बंध .................. है।

प्र.4 लघु उत्तरीय प्रश्न। 3 अंक

1. प्रशुल्क क्यों लगाये जाते हैं ?
2. विश्व व्यापार संगठन के प्रमुख उद्देश्य क्या थे ?
3. उदारीकरण की नीति के प्रमुख विशेषताएँ लिखिये।
4. वैश्वीकरण का अर्थ लिखते हुए उसकी प्रमुख विशेषताएँ लिखिये।
5. नई आर्थिक नीति के सकारात्मक प्रभावों को समझाइये।

प्र.5 दीर्घ उत्तरीय प्रश्न। 4 अंक

1. भारत में आर्थिक सुधार क्यों प्रारंभ किये गये?
2. क्या निजीकरण एवं उदारीकरण एक ही सिक्के के दो पहलू है। समझाइये।
3. भारतीय अर्थव्यवस्था में निजीकरण की मुख्य विशेषताएँ लिखिये।
4. भारत उदारीकरण और विश्व बाजारों के एकीकरण होने से लाभानंवित हो रहा है। क्या आप इससे सहमत हैं?
5. भारत में वैश्वीकरण को प्रेरित करने वाले प्रमुख घटक कौन-कौन से हैं?

प्र.6 दीर्घ उत्तरीय प्रश्न। 4 अंक

1. वैश्वीकरण एक चेतावनी है। किस प्रकार समझाइये।
2. क्या आपके विचार से केवल घाटे में चल रहे सरकारी उपक्रम का निजीकरण होना चाहिए? क्यों
3. सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों के घाटे की भरपाई सरकारी बजट से होनी चाहिए। क्या आप इस कथन से सहमत हैं?
4. लाभ कमा रहे सार्वजनिक उपक्रमों का निजीकरण कर देना चाहिए क्या आप इस विचार से सहम तहैं?
5. सेवा क्षेत्र के तीव्र विकास के लिए उत्तरदायी प्रमुख कारक कौन-से हैं?

# इकाई–08

अध्याय–4 निर्धनता

अध्याय–5 मानव पूंजी निर्माण

अध्याय–6 ग्रामीण विकास

अध्याय–7 रोजगार

(शिक्षा पर सार्वजनिक व्यय में वृद्धि, जैविक खेती को छोड़कर)

आवंटित अंक– 08

वस्तुनिष्ठ अंक– 04 प्रश्न

4 अंक– 01 प्रश्न

प्र.1 वस्तुनिष्ठ प्रश्न :–

1. मानव पूँजी निर्माण का स्त्रोत है।
   अ) शिक्षा पर व्यय ब) स्वास्थ्य पर व्यय
   स) प्रशिक्षण पर व्यय द) उपरोक्त सभी
2. देश में तकनीकी शिक्षा संबंधी तथा अधिनियमों को लागू करने की जिम्मेदारी किसकी है।
   अ) राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद
   ब) विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की
   स) अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद की
   द) भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद की
3. भारत में मानव पूंजी के निर्माण में से कौन–सी समस्या है।
   अ) निम्न शैक्षणिक स्तर ब) जनसंख्या वृद्धि
   स) प्रतिभा पलायन द) उपरोक्त सभी
4. उच्च शिक्षा में मार्गदर्शन तथा नियंत्रण की जिम्मेदारी होती है।
   अ) भारत सरकार की
   ब) उच्च शिक्षा विभाग की
   स) विश्व विद्यालय अनुदान आयोग की
   द) इनमें से कोई नहीं

प्र.2 रिक्त स्थान भरिये।

1. कृषि क्षेत्र में ................ बेरोजगारी पायी जाती है।
2. वे लोग जो कभी भी निर्धन न हो ................ निर्धन कहलाते हैं।
3. वर्तमान में योजना आयोग को ................ के नाम से जाना जाता है।
4. भारत की विकासात्मक ऋण नितियों का एक प्रमुख उद्देश्य ................ को कम करना है।

प्र.3 सही जोड़ी बनाइये–

| अ | ब |
|---|---|
| 1. मासिक प्रतिव्यक्ति उपयोग | अ. 2400 कैलोरी |
| 2. ग्रामीण व्यक्ति | ब. सेन सूचकांक |
| 3. नगरीय व्यक्ति | स. राष्ट्रीय प्रक्षिदर्श सर्वेक्षण संगठन |
| 4. अर्मत्य सेन | द. एम.पी.सी.ई. |
| 5. एन.एस.एस.ओ. | इ. 2100 कैलोरी |

प्र.4 सही/गलत पहचानिये।

1. मौसमी बेरोजगारी नगरीय क्षेत्रों में पायी जाती है।
2. गाँव में आय के स्त्रोत नगरों की अपेक्षाकृत कम होते हैं।
3. कृषि क्षेत्र में अदृश्य बेरोजगारी पायी जाती है।
4. शिक्षा एवं स्वास्थ्य दोनों से केवल निजी लाभ का ही सृजन होता है।
5. चिरकालिक निर्धन सदैव निर्धन सदैव निर्धन होते हैं।

प्र.5 एक लाईन में उत्तर दीजिये।

1. ग्रामीण व्यक्ति के लिए अधिक कैलौरी उपयोग का निर्धारण क्यों किया गया?
2. दादाभाई नौरोजी द्वारा निर्धनता रेखा के निर्धारण का आधार क्या है?
3. साख क्या है?
4. बफर स्टॉक किसे कहते हैं?

प्र.6 दीर्घ उत्तरीय प्रश्न। 4 अंक

1. वे कौन–से सामाजिक कारक हैं, जो निर्धनता को जन्म देकर उसे निरंतर बनाये रखते हैं। लिखिये।
2. आर्थिक विकास और निर्धनता में क्या संबंध है। संक्षेप में समझाइये।
3. किसी व्यक्ति के लिए कार्य के दौरान प्रशिक्षण क्यों आवश्यक होता है?
4. समझाइये की शिक्षा में निवेश आर्थिक सवृद्धि को किस प्रकार प्रभावित करता है?
5. ग्रामीण साख के महाजन आज भी महत्वपूर्ण है क्यों?
6. क्या निर्धनता और बेरोजगारी के बीच कोई सम्बंध है? समझाइये।

## इकाई–09

## अध्याय–8 आधारिक संरचना

## अध्याय–9 पर्यावरण और धारणीय विकास

## (ऊर्जा को छोड़कर)

**आवंटित अंक– 07**

**वस्तुनिष्ठ प्रश्न– 01**

**2 अंक– 01**

**4 अंक– 01**

प्र.1 वस्तुनिष्ठ प्रश्नः–

1. सामाजिक आधारभूत संरचना का घटक है।
   अ) सामाजिक आधारभूत संरचना पर बल देना
   ब) मानव संसाधन के विकास पर बल देना
   स) अ तथा ब दोनों
   द) इनमें से कोई नहीं
2. पर्यावरण क्षरण का मुख्य कारण क्या है।
   अ) स्थानान्तरित कृषि ब) पर्यटन को बढ़ावा
   स) भूमि के उपयोग का बदला स्वरूप द) उपयुक्त सभी
3. प्राकृतिक पर्यावरण का अंग है।
   अ) मिट्टी ब) हवा
   स) पानी द) उपर्युक्त सभी
4. पर्यावरण क्षति के कारण हैं।
   अ) जनसंख्या ब) आर्थिक विकास
   स) उक्त दोनों द) इनमें से कोई नहीं
5. पर्यावरण संरक्षण अधिनियम पारित हुआ।
   अ) वर्ष 1984 ब) 1986
   स) 1988 द) 1990

प्र.2 अति लघु उत्तरीय प्रश्न। 2 अंक

1. वायु प्रदूषण का प्रमुख स्त्रोत क्या है ?
2. चिपको आंदोलन का प्रमुख उद्देश्य क्या था ?
3. स्वास्थ्य किस संरचना का महत्वपूर्ण घटक है ?
4. सर्व शिक्षा अभियान क्या है ?
5. रेल परिवहन की प्रमुख दो समस्याएँ लिखिये।

प्र.3 दीर्घ उत्तरीय प्रश्न। 4 अंक

1. प्रदूषण के विभिन्न प्रकारों का वर्णन कीजिये।
2. पर्यावरण प्रदूषण को रोकने के उपाय लिखिये।
3. पर्यावरण के कार्यों को समझाइये।
4. भारत में निम्न स्तर के स्वास्थ्य के कारण लिखिये।
5. परिवहन का कृषि के क्षेत्र में लाभ बताइये।
6. आधारिक संरचना की व्याख्या कीजिये।

# यूनिट–10

## अध्याय–10 भारत और पड़ोसी देशो का तुलनात्मक विकास अनुभव

आवंट्वित अंक – 08

वस्तुनिष्ठ प्रश्न– 04 प्रश्न

4 अंक– 01 प्रश्न

प्र.1 वस्तुनिष्ठ प्रश्नः–

1. चीन गणराज्य की स्थापना हुयी।
   अ) सन् 1945 ब) सन् 1947 स) सन् 1949 द) सन् 1951
2. चीन में आर्थिक सुधारो का प्रारंभ हुआ।
   अ) सन् 1975 ब) सन् 1978 स) सन् 1995 द) सन् 2001
3. भारत में अपनी प्रथम पंचवर्षीय योजना की घोषण की।
   अ) 1951–56 ब) 1956–57
   स) 1955–56 द) 1957–58
4. कम्यून पद्धति का सम्बंध है।
   अ) कृषि ब) उद्योग स) तकनीक द) विज्ञान
5. सर्वाधिक जनसंख्या घनत्व वाला देश है।
   अ) भारत ब) चीन स) पाकिस्तान द) कनाडा

प्र.2 रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिये।

1. भारत ने आर्थिक विकास के लिए .................. अर्थव्यवस्था को अपनाया है।
2. सन् 1970 के दशक के अंत में .................. देश में एक संतान नीति लागू की गई।
3. सन् 1965 में माओ ने महान .................. क्रांति का आरंभ किया।
4. सन् 1998 में .................. फारवर्ड अभियान शुरू किया गया।
5. .................. में आर्थिक सुधार 1978 में शुरू किये गये थे।

प्र.3 सही जोड़ी बनाइये।

| | कॉलम ''अ'' | कॉलम ''ब'' |
|---|---|---|
| 1. | SAARC | दक्षिण पूर्वी एशिया में 5 देशों का समूह |
| 2. | EU | आठ देशों का समूह |
| 3. | A SEAN | इसमें विश्व की 19 बड़ी अर्थव्यवस्था है। |
| 4. | G-8 | यूरोपिय देशों का संघ |
| 5. | G-20 | दक्षिणी देशों का समूह |

प्र.4 एक लाइन में उत्तर दीजिये।

1. वैविश्वक समूहों का निर्माण किस उद्देश्य से हुआ ?
2. चीन ने जनसंख्या वृद्धि पर नियंत्रण के लिये कौन–कौन सी नीति अपनाई ?
3. भारतीय अर्थव्यवस्था की एक विशेषता बताइये।
4. आबादी की दृष्टि से विश्व का कौन–सा देश सबसे बड़ा है ?
5. भारत का कुल क्षेत्रफल विश्व के कुल क्षेत्रफल का कितना प्रतिशत है ?

प्र.5 दीर्घ उत्तरीय प्रश्न। 4 अंक

1. भारत चीन तथा पाकिस्तान की विकास रणनीति का प्रारम्भिक आधार क्या था ?
2. कम्प्यून व्यवस्था किसे कहते हैं ? समझाइये।
3. क्षेत्रीय और आर्थिक समूहों के बनने के क्या कारण हैं। लिखिये।
4. भारतीय अर्थव्यवस्था वर्तमान में विकासोन्मुखी बन चुकी है। स्पष्ट कीजिये।
5. सन् 1958 में प्रारंभ की गई चीन के ग्रेट लीप फारवर्ड अभियान की व्याख्या कीजिये।